सुविचार

दुनिया में सबसे अमीर इंसान वह है जो हर पल का खुशी से आनंद ले।

# दैनिक पंचकूला ऑब्जर्वर

सच के साथ, समाज के साथ




वर्ष : 1 | अंक : 24 | पंचकूला। शनिवार, 28 फरवरी 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4

मुयमंत्री ने राज्यपाल के अभिभाषण पर विपक्ष को दिया करारा जवाब

## राज्यपाल का अभिभाषण 'विकसित हरियाणा' के भविष्य का रोडमैप: मुख्यमंत्री नायब सैनी

पंचकूला ऑजर्वर

**चंडीगढ़।** राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष की ओर से आरोप-प्रत्यारोप लगाए गए। वहीं, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्यपाल के अभिभाषण पर रिप्लाई देते हुए आंकड़ों के साथ विपक्ष को आइना दिखाते हुए सत्ता पक्ष की ओर से सेवा, समर्पण और सुशासन का तैयार किए रोडमैप प्रस्तुत ककिया। जबकि विपक्ष ने बेरोजगारी, किसान संकट और ड्रग्स के बढ़ते खतरे को लेकर सरकार को कठघरे में खड़ा कर दिया। दोनों ओर से खूब तंज, व्यंग्य और आपसी बहसबाजी हुई, जिससे कई बार सदन का माहौल गरमा भी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्यपाल के अभिभाषण पर विपक्ष द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब देते हुए कांग्रेस को जमकर घेरा। उन्होंने बताया कि राज्यपाल द्वारा 20 फरवरी को दिया गया अभिभाषण राज्य की दशा व दिशा को व्यक्त करने वाला है। यह अभिभाषण हरियाणा के भविष्य की रूपरेखा प्रस्तुत करता है। एक ऐसे हरियाणा की, जो विकास, सुशासन, सामाजिक न्याय और समावेशी प्रगति के मार्ग पर दृढ़तापूर्वक अग्रसर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अभिभाषण 'विकसित हरियाणा' के स्पष्ट रोडमैप को दिखाता है, और वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को भी दिखाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र की यही



खूबसूरती है कि यहां असहमति को भी सम्मान मिलता है, लेकिन स्वस्थ लोकतंत्र के लिए यह भी आवश्यक है कि सरकार के जनकल्याण व विकास कार्यों की सराहना भी की जानी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि विपक्ष ने सरकार की आलोचना करने के लिए केवल रटी-रटाई बातें बोली हैं, कोई तथ्यात्मक बात नहीं रखी। सरकार के कल्याणकारी कार्यों से प्रदेश की जनता प्रभावित हुई और हमें लगातार तीसरी बार जनसेवा का मौका दिया। उन्होंने कहा कि विपक्षियों के समय में सिस्टम पूरी तरह जंग खा चुका था। अपात्रों को पेंशन मिल रही थी तथा पात्र लोग पेंशन बनवाने के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहे थे। बीजेपी सरकार ने सिस्टम को पूरी तरह दुरुस्त किया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वृद्धावस्था पेंशन को लेकर विपक्ष द्वारा रखी गई बातों पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि विपक्षी बुजुर्गों की पेंशन काटने जैसे संवेदनशील विषय पर झूठ और भ्रम फैलाकर सस्ती राजनीति चमकाने में लगे हैं। सरकार किसी की पेंशन छीनने नहीं, बल्कि हर पात्र व्यक्ति तक उसका हक पहुंचाने के लिए काम कर रही है।

उन्होंने सवाल किया कि विपक्षियों का क्या झूठ बोलकर राजनीति करना ही एकमात्र एजेंडा रह गया है?

### फसल खराबा मुआवजे के भुगतान से पहले पूर्ण सत्यापन आवश्यक

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि फसल खराबे के मुआवजे की राशि तीन या चार बार किसानों के खातों में भेजी गई, लेकिन वह वापस आ गई क्योंकि गलत खातों में पैसे नहीं डाले जा सकते। मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग तीन या चार बार फसल खराबे के पैसे किसानों के खातों में भेजे गए, लेकिन वे वापस आ गए क्योंकि गलत खातों में पैसे नहीं डाल सकते। उन्होंने सदन को आश्वस्त किया कि विधायक भी अपने स्तर पर सत्यापन करवा लें और सरकार भी सत्यापन करवा रही है। इसके बाद दोबारा पटवारी से वेरीफाई करवा कर राशि जारी कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पात्र किसानों को मुआवजा देने में सरकार पूरी पारदर्शिता बरत रही है तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि की संभावना को दूर करने के लिए आवश्यक सत्यापन प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

## अमरटैक्स के अध्यक्ष अरुण ग्रोवर के प्रयास लाए रंग, इंडस्ट्रियल एरिया की सफाई में आया सुधार

पंचकूला ऑजर्वर

**पंचकूला।** Amarte& Industries के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एवं पंचकूला वाणिज्य एवं उद्योग मंडल के चेयरमैन अरुण ग्रोवर के निरंतर, समर्पित और दूरदर्शी प्रयासों के परिणामस्वरूप आज इंडस्ट्रियल एरिया, पंचकूला में स्पष्ट और सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है।

श्री अरुण ग्रोवर द्वारा पिछले लंबे समय से इंडस्ट्रियल एरिया की समस्याओं विशेषकर सफाई व्यवस्था, सड़कों की स्थिति और मूलभूत सुविधाओं को लेकर प्रशासन के समक्ष निरंतर प्रभावी प्रयास किए जा रहे थे। इन प्रयासों का ही प्रतिफल है कि आज हालात में उल्लेखनीय सुधार दिखाई दे



रहा है और व्यवस्थाएं सही दिशा में आगे बढ़ रही हैं।

इन्हीं सतत प्रयासों के तहत आज विनय कुमार, म्युनिसिपल कमिश्नर, द्वारा इंडस्ट्रियल एरिया, पंचकूला का औपचारिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था, सड़कों की गुणवत्ता तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

म्युनिसिपल प्रशासन ने निरीक्षण के दौरान समस्याओं के त्वरित समाधान और ग्राउंड लेवल पर ठोस कार्रवाई के प्रति अपनी पूर्ण प्रतिबद्धता दोहराई। हाल के दिनों में साफ-सफाई में आया सुधार और समग्र औद्योगिक वातावरण में दिख रहा सकारात्मक परिवर्तन इस बात का स्पष्ट संकेत है कि उद्योग और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो चुका है।

यह पहल उद्योग और प्रशासन के मजबूत सहयोग का उदाहरण है, जो पंचकूला के औद्योगिक क्षेत्र को नए विकास पथ पर अग्रसर कर रही है। श्री अरुण ग्रोवर के नेतृत्व में किया गया यह सतत प्रयास भविष्य में औद्योगिक विकास, निवेश और रोजगार सृजन के लिए एक मजबूत आधार सिद्ध होगा।

## खेल हम सभी को अनुशासन सिखाते हैं : सतपाल शर्मा

पंचकूला ऑजर्वर

**पंचकूला।** तीजमल क्रिकेट टूर्नामेंट के सफल समापन के बाद सीएम विंडो के एमिनेंट पर्सन विपिन लिड्डू ने सतपाल शर्मा से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उपायुक्त ने पूरे आयोजन की सराहना करते हुए विपिन लिड्डू और पंकज लिड्डू को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के खेल आयोजन न केवल युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि उनमें अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का भी विकास करते हैं।

विपिन लिड्डू ने उपायुक्त को जानकारी दी कि



टूर्नामेंट में कुल 12 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। फाइनल मुकाबले में विक्टोरिया वारियर्स ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया।

उपायुक्त सतपाल शर्मा ने विपिन लिड्?डू से कहा कि खेल गतिविधियां युवाओं को नशे और अन्य सामाजिक बुराइयों से दूर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने आयोजकों को भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर करने के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि अधिक से अधिक युवा खेलों से जुड़ सकें और स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान दे सकें। इस अवसर पर रंजीत सिंह एवं सत्यवान भारद्वाज भी थे।

## दिल्ली शराब नीति केस में केजरीवाल-सिसोदिया बरी

**नई दिल्ली।** शराब घोटाला केस में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को सीबीआई केस में बरी कर दिया है। कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि दोनों के खिलाफ सबूत नहीं है, आरोप साबित नहीं होता। सीबीआई ने साजिश गढ़ने की कोशिश की, लेकिन उसका सिद्धांत ठोस सबूतों की जगह अनुमान पर था। सीबीआई ने इस मामले में कुल 23 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। स्पेशल जज जितेंद्र सिंह ने सभी के खिलाफ आरोप तय करने से इनकार करते हुए सभी को बरी कर दिया। जांच एजेंसी ने करीब 6 घंटे बाद दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया।

सीबीआई ने निचली अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट से इसे रद्द करने की मांग की है। वहीं, बरी होने के बाद कोर्ट से बाहर मीडिया से बातचीत के दौरान केजरीवाल भावुक हो गए। उन्होंने कहा- मैंने जिंदगी में सिर्फ ईमानदारी कमाई है। आज ये साबित हो गया कि केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और आम आदमी पार्टी कट्टर ईमानदार हैं।

## विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण : ज्ञानचंद गुप्ता

### पूर्व स्पीकर ने विकसित भारत युवा संसद में भरा जोश, कहा- युवा ही देश की असली ताकत

पंचकूला ऑजर्वर

**पंचकूला।** सेक्टर-1 स्थित गवर्नमेंट पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में शुक्रवार को आयोजित जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2026 उत्साह, ऊर्जा और प्रभावशाली विचारों से सराबोर रहा। यह आयोजन भारत सरकार के अंतर्गत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत मेरा युवा भारत, पंचकूला के माध्यम से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा के पूर्व स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आज का युवा जागरूक, ऊर्जावान और संकल्पित है, जो देश को नई दिशा देने की क्षमता रखता है। युवा केवल




भविष्य नहीं, वर्तमान की शक्ति हैं, उनके इन शब्दों ने सभागार में उपस्थित प्रतिभागियों में उत्साह का संचार कर दिया।

कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शैलजा छाबड़ा ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि युवा संसद जैसे मंच विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक परंपराओं की समझ, तार्किक चिंतन और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का अवसर प्रदान करते हैं। प्रतियोगिता में पंचकूला जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने ओजस्वी और तथ्यपूर्ण प्रस्तुतियों से सभी को प्रभावित किया। निर्णायक मंडल में जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी विनय वत्स, गवर्नमेंट कॉलेज रायपुररानी के असिस्टेंट प्रोफेसर सुनील दत्त, डॉ. जोगिंदर, सेक्टरङ्क1 महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के पूर्व प्रोफेसर डॉ. सुभाष तथा वरिष्ठ पत्रकार श्री राजेश मलकानिया शामिल रहे। उन्होंने प्रतिभागियों का मूल्यांकन उनके तर्क, अभिव्यक्ति शैली और विषय की गहन समझ के आधार पर किया।

प्रतियोगिता परिणामों में एम.ए. प्रथम वर्ष के छात्र मोंटी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान बी.कॉम प्रथम वर्ष के छात्र दृश्य चंदेल ने हासिल किया, जबकि तृतीय स्थान पत्रकारिता विभाग के छात्र अंकुश को प्राप्त हुआ। चौथे स्थान पर गवर्नमेंट पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज फॉर विमेंस की बी.ए. अंतिम वर्ष की छात्रा खुशी रहीं और पांचवां स्थान सेक्टरङ्क1 कॉलेज की छात्रा भूमिप्रिया ने प्राप्त किया।

ये सभी विजेता प्रतिभागी हरियाणा विधानसभा में आयोजित होने वाली आगामी राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद में पंचकूला जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिला स्तरीय युवा संसद के नोडल अधिकारी डॉ. अनिल कुमार पाण्डेय ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य युवाओं में संवाद कौशल, नेतृत्व क्षमता व जिम्मेदार नागरिकता की भावना को सशक्त बनाना है। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को प्रमाण-पत्र, स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए तथा आयोजन की सफलता के लिए सभी अतिथियों, निर्णायकों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

## हरिहर मंदिर में शिव महापुराण कथा के पांचवें दिन प्रेम और ज्ञान का संदेश





पंचकूला ऑजर्वर

**पंचकूला।** सेक्टर-12ए स्थित हरिहर मंदिर में चल रही शिव महापुराण कथा के पांचवें दिन श्रद्धा और भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला। कथा व्यास पंडित गणेशानंद मिश्रा जी महाराज ने भगवान कार्तिक स्वामी और श्री गणेश जी के जन्म प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया।

उन्होंने बताया कि भगवान शिव और माता पार्वती की लीला केवल पौराणिक कथा नहीं, बल्कि गहन आध्यात्मिक संदेश भी है। एक पुत्र भगवान शिव ने उत्पन्न किया और एक पुत्र माता पार्वती ने। इस प्रसंग को समझाते हुए उन्होंने कहा कि भगवान शिव 'विश्वास' के प्रतीक हैं और माता पार्वती 'श्रद्धा' की स्वरूपा हैं। विश्वास से जो उत्पन्न हुआ वह 'प्रेम' है, अर्थात कार्तिकेय जी प्रेम के प्रतीक हैं, जबकि श्रद्धा से जो प्रकट हुआ वह 'ज्ञान' है, अर्थात श्री गणेश जी ज्ञान के अधिष्ठाता हैं।

कथा व्यास ने समझाया कि जीवन में जब विश्वास और श्रद्धा का संगम होता है, तभी प्रेम और ज्ञान का उदय होता है। प्रेम मनुष्य को जोड़ता है और ज्ञान उसे सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में विश्वास, श्रद्धा, प्रेम और ज्ञान को अपनाकर जीवन को सार्थक बनाएं।

कथा के दौरान मंदिर परिसर भक्ति रस में सराबोर रहा। 'हर-हर महादेव' के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन के माध्यम से भगवान शिव का गुणगान किया और कथा का श्रवण कर आत्मिक शांति का अनुभव किया।

इस अवसर पर एस.पी. गुप्ता, विजय कुमार अग्रवाल, नरेश कुमार गोयल, सुरेश कुमार अग्रवाल, रजनीश बंसल एवं जे.के. सिंगला सहित अनेक गणमान्य श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजकों के अनुसार आगामी दिनों में भी कथा के विविध प्रसंगों का श्रवण कर श्रद्धालु आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करेंगे।

## गला घोंटकर की हत्या, आत्महत्या दिखाने को शव फंदे पर लटकाया

**चंडीगढ़।** सेक्टर-41 स्थित गांव बुटरेला में दो लोगों की संदिग्ध मौत के मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया है कि 27 वर्षीय नगमा ने आत्महत्या नहीं की थी, बल्कि उसका गला घोंटकर हत्या की गई थी। हत्या के बाद मामले को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को फंदे से लटकाया गया।

जांच में यह भी सामने आया है कि नगमा की हत्या के बाद उसके देवर 24 वर्षीय मुरसलीन ने खुद फंदा लगाकर जान दे दी। पोस्टमार्टम में नगमा के गले पर दबाव के स्पष्ट निशान मिले हैं, जिससे हत्या की पुष्टि हुई है। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद दोनों शव परिजनों को सौंप दिए गए। हालांकि, मौत के सटीक कारणों की पुष्टि के लिए विसरा जांच हेतु भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद स्थिति और स्पष्ट होगी।

सेक्टर-39 थाना पुलिस पहले इस मामले को संदिग्ध मानकर जांच कर रही थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद पुलिस ने मृतक मुरसलीन के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। गौरतलब है कि वीरवार दोपहर नगमा और उसके देवर मुरसलीन के शव घर में मिले थे। घर में मौजूद दो मासूम बच्चों ने अपने पिता फरमान को फोन कर बताया था कि उनकी मां और चाचा फंदे से लटके हुए हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को अस्पताल भिजवाया। मृतक नगमा और मुरसलीन मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बिजनौर के रहने वाले थे और पिछले करीब 15 वर्षों से बुटरेला में किराये के मकान में रह रहे थे।

यादगार

वीडियो में दिखाई स्वागत से लेकर भारतीय सांस्कृतिक नृत्य की झलकियां

## इजरायल दौरे का अनुभव साझा, मोदी बोले-हमारी पार्टनरशिप आगे बढ़ती रहे

पंचकूला ऑजर्वर

**नई दिल्ली, 27 फरवरी।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दो दिवसीय इजरायल दौरे से वापस लौट चुके हैं। भारत लौटने के बाद पीएम मोदी ने अपने इजरायल दौरे का अनुभव साझा किया। इसके साथ ही उन्होंने अपने इस दौरे की हाईलाइट भी वीडियो में शेयर किया है।

वीडियो में इजरायल दौरे के दौरान पीएम मोदी का एयरपोर्ट पर गर्मजोशी से स्वागत, इजरायल में भारतीय समुदाय के साथ उनकी मुलाकात, उनके आगमन पर भारतीय सांस्कृतिक नृत्य, इजरायली संसद में प्रधानमंत्री का स्वागत, तालियों और नारों की



गूंज की झलकियां दिखाई गई हैं। इसके साथ ही इजरायली संसद में पीएम मोदी का संबोधन, इजरायल का सर्वोच्च सम्मान मिलना और दोनों देशों के बीच हस्ताक्षर किए गए एमओयू के पलों को भी दिखाया गया।

इस वीडियो को साझा कर पीएम मोदी ने लिखा, इजरायल की खास यात्रा की कुछ खास बातें, जिसमें अच्छी बातचीत और मजबूत सहयोग शामिल था। आने वाले समय में हमारी पार्टनरशिप और बढ़ती रहे। बता दें, दोनों देशों के बीच कई अहम मुद्दों पर आपसी सहमति बनी। इनमें रक्षा, सुरक्षा, व्यापार, तकनीक और कृषि जैसे अहम क्षेत्रों में आपसी सहयोग शामिल है। इसके अलावा, क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा देते हुए, इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर (आईएमईसी) और भारत-इजरायल-यूएई-यूएसए (आई2यू2) पर भी नई गति से आगे बढ़ने पर रजामंदी हुई। प्रधानमंत्री मोदी की इजरायल यात्रा के दौरान जो समझौते/एमओयू हुए उनमें जियोफिजिकल एक्सप्लोरेशन के फील्ड में सहयोग पर एमओयू हुआ, जो एडवांस्ड जियोफिजिकल और एआई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके मिनरल एक्सप्लोरेशन में भारत-इजरायल सहयोग को बढ़ाता है। डेटा शेयरिंग, निवेश और सतत संसाधन विकास को बढ़ावा देता है।नेशनल मैरीटाइम हेरिटेज कॉम्प्लेक्स, लोथल, गुजरात के विकास के लिए एमओयू हुआ, जो प्रदर्शनियों, शोध, प्रकाशनों और विशेषज्ञता के आदान-प्रदान के माध्यम से साझा समुद्री विरासत को बढ़ावा देता है तथा राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर और व्यापक जन-भागीदारी का समर्थन करता है।

## पुलिस ने 15 मोबाइल ट्रेस कर लोगों को लौटाए

**पंचकूला।** पुलिस ने फरवरी में खोए हुए 15 मोबाइल फोन ट्रेस करते हुए उनके मालिकों को लौटा दिए। डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने सभी मोबाइल मालिकों से मुलाकात कर उनकी खुशी में शामिल हुई और कहा कि पुलिस का उद्देश्य जनता की सुरक्षा व विश्वास को बनाए रखना है। मोबाइल वापसी पर लोगों ने पंचकूला पुलिस का धन्यवाद व्यक्त करते हुए इसे विश्वास बहाली की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। डीसीपी ने इस उपलब्धि का श्रेय साइबर सेल की पूरी टीम को दिया। उन्होंने बताया कि साइबर सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर रामू स्वामी, सिपाही पवन, सिपाही अमित व टीम मे शामिल अन्य कर्मचारियो ने टीमवर्क के साथ मेहनत कर मोबाइल फोन को ट्रेस किया और सही मालिकों तक पहुंचाने में मुख्य भूमिका निभाई।

# अब अपने राज्य, अपने क्षेत्र व अपने देश के विकास के लिए और अधिक मेहनत करेंगे: बैंस

■ हरजोत बैंस ने अरविंद केजरीवाल को मामले में बरी किए जाने के फैसले को लोकतंत्र की बड़ी जीत बताया



पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया तथा 21 अन्य को बरी किए जाने संबंधी दिल्ली की विशेष सीबीआई अदालत के फैसले का स्वागत करते हुए पंजाब के शिक्षा मंत्री स. हरजोत सिंह बैंस ने इस निर्णय को सत्य की बड़ी जीत तथा भारतीय संविधान और स्वतंत्र न्यायपालिका की मजबूती का प्रत्यक्ष प्रमाण बताया।

एक वीडियो संदेश में स. हरजोत सिंह बैंस ने कहा कोई व्यक्ति चाहे कितनी भी कोशिश कर ले, अंततः जीत हमेशा सत्य की ही होती है। सभी धार्मिक ग्रंथ हमें यही शिक्षा देते हैं और आज इसका प्रमाण तब मिला जब दिल्ली की विशेष सीबीआई अदालत ने अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और 21 अन्य को बरी कर दिया।

उन्होंने अदालत के फैसले के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि न्यायपालिका ने लगाए गए आरोपों को जांच के दौरान पूरी तरह निराधार पाया। उन्होंने कहा कि अदालत ने स्पष्ट रूप से कहा कि मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध नहीं हैं, जिसका अर्थ है कि मामला बेबुनियाद था। स. बैंस ने अदालत की इस टिप्पणी की ओर भी ध्यान दिलाया कि जांच अधिकारियों ने मामले को गढ़ने के लिए गलत तरीके अपनाने की कोशिश की थी और अदालत ने ऐसे कृत्यों के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश भी की है। उन्होंने इस फैसले को न केवल बरी किए गए नेताओं के लिए, बल्कि सत्य और लोकतंत्र के लिए भी बड़ी जीत बताया। उन्होंने ईश्वर का धन्यवाद किया तथा डॉ. बी.आर. आंबेडकर को नमन करते हुए भारतीय संविधान को न्यायपालिका को न्याय प्रदान करने की शक्ति देने का श्रेय दिया। उन्होंने कहा, संविधान की ताकत ने सत्य को दबाने के प्रयासों को विफल कर दिया है। यही हमारे संविधान की शक्ति है, जो न्यायपालिका को निष्पक्ष न्याय देने का अधिकार प्रदान करती है।

स. हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि यह निर्णय आम आदमी पार्टी में नई ऊर्जा का संचार करेगा। यह ऊर्जा आम लोगों की सेवा के प्रति और अधिक प्रतिबद्धता लाएगी, चाहे वह सरकारी स्कूलों में सुधार हो, स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हो या पंजाब में चल रहे विकास कार्यों को और आगे बढ़ाना हो। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब में चल रहे विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए शिक्षा मंत्री ने सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित किया। इनमें घरेलू उपभोक्ताओं के लिए मुफ्त और 24 घंटे बिजली, कृषि क्षेत्र के लिए दिन के समय बिजली आपूर्ति, हर खेत तक नहर का पानी पहुंचाना तथा प्रत्येक पंजाबी को 10 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध कराना शामिल है। उन्होंने कहा, ÷ये वे कार्य हैं जो आज आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार कर रही है। मुख्यमंत्री मान को पूरे राज्य से जो प्रेम और समर्थन मिल रहा है, उससे मुझे विश्वास है कि वर्ष 2022 में जनता द्वारा दिया गया जनादेश वर्ष 2027 में नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। अब हम अपने राज्य, अपने क्षेत्र और अपने देश के विकास के लिए और अधिक मेहनत करेंगे।

## अमृतसर में तीन दिवसीय रंगला पंजाब उत्सव का कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने किया उद्घाटन

# पंजाबी संस्कृति विश्व की सबसे समृद्ध व जीवंत संस्कृतियों में से एक: हरभजन सिंह

■ मान सरकार पंजाब की सांस्कृतिक विरासत, रहन-सहन और खान-पान को विश्व स्तर पर प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध



पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़/अमृतसर।** पंजाब सरकार के पर्यटन और सांस्कृतिक मामलों के विभाग द्वारा अमृतसर के रणजीत एवेन्यू मैदान में आयोजित तीन दिवसीय रंगला पंजाब उत्सव का आज पूर्ण शानो-शौकत के साथ शुभारंभ हो गया। इस उत्सव का उद्घाटन राज्य के लोक निर्माण मंत्री स हरभजन सिंह ईटीओ द्वारा किया गया। इस अवसर पर अमृतसर पूर्व की विधायक जीवनजोत कौर, अमृतसर पश्चिम के विधायक डॉ. जसबीर सिंह संधू, पनसप के चेयरमैन प्रभबीर सिंह बराड़, जिला योजना कमेटी के चेयरमैन गुर प्रताप सिंह संधू, पंजाब लघु उद्योग एवं निर्यात निगम के वाइस चेयरमैन जसकरण सिंह बंदेसा, पर्यटन विभाग के निदेशक संजीव कुमार तिवाड़ी, अतिरिक्त उपायुक्त (जनरल) रोहित गुप्ता, अतिरिक्त उपायुक्त (शहरी विकास) रुपिंदर पाल सिंह, एस.डी.एम. अलका कालिया, गुरमंदर सिंह के अतिरिक्त कैबिनेट मंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती सुरिंदर कौर, श्रीमती बलविंदर कौर, जिला टूरिज्म अफसर सुखमन सिंह, जी एन डी यू के लोक संपर्क निदेशक परवीन पुरी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

रंगला पंजाब उत्सव के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए लोक निर्माण मंत्री स हरभजन सिंह ईटीओ ने कहा कि इस तीन दिवसीय उत्सव का मुख्य उद्देश्य पंजाब की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, रहन-सहन और पारंपरिक खान-पान को वैश्विक स्तर पर प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि रंगला पंजाब उत्सव में पंजाब की विविध सांस्कृतिक झलकियां एक ही मंच पर देखने को मिल रही हैं।

उन्होंने कहा कि पंजाबी संस्कृति विश्व की सबसे समृद्ध और जीवंत संस्कृतियों में से एक है, जो अपने विशिष्ट रहन-सहन, स्वादिष्ट खान-पान, लोक नृत्यों जैसे भांगड़ा और गिद्धा तथा भाईचारे की भावना के लिए जानी जाती है। इसकी पारंपरिक कलाएं, बोलियां और अतिथि सत्कार देश-विदेश में प्रसिद्ध हैं।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में राज्य सरकार पंजाब की समृद्ध विरासत को संरक्षित और प्रोत्साहित करने के लिए विशेष प्रयास कर रही है। पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामलों का विभाग प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर रहा है ताकि युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों और परंपराओं से जोड़ा जा सके। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने परिवार सहित इस उत्सव में पहुंचकर रंगले पंजाब की सुंदरता का आनंद लें। पर्यटन विभाग के निदेशक संजीव तिवाड़ी ने बताया कि यह उत्सव 1 मार्च 2026 की देर शाम तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि यह उत्सव पंजाब, पंजाबी और पंजाबी संस्कृति को समर्पित है, जिसमें राज्य की सांस्कृतिक विरासत, रहन-सहन और पारंपरिक व्यंजनों की सुंदर झलक देखने को मिलती है।

उत्सव के दौरान आकर्षक क्राफ्ट बाजार लगाया गया है, जहां दुकानदार पारंपरिक पंजाबी हस्तशिल्प और अन्य वस्तुओं की बिक्री कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त फूड कोर्ट में विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के लगभग 30 स्टॉल लगाए गए हैं। बच्चों के मनोरंजन के लिए विशेष झूलों की भी व्यवस्था की गई है। साथ ही विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा भी अपने स्टॉल लगाकर जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। तीनों शामों में पंजाब के प्रसिद्ध गायक कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। लोक नृत्य गिद्धा और भांगड़ा की रंगारंग प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी। 27 फरवरी की शाम को पहले दिन प्रसिद्ध लोक गायक विरासत संधू, जसपिंदर नरूला और जैजी बी द्वारा प्रस्तुति दी जा रही है। दूसरे दिन मीट कौर, कौर बी और कुलविंदर बिल्ला अपनी गायकी प्रस्तुत करेंगे। अंतिम दिन हरजीत हरमन, बाणी संधू और मनमोहन वारिस अपनी प्रस्तुतियों से समां बांधेंगे। दर्शकों के बैठने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। निदेशक पर्यटन ने बताया कि इस उत्सव में आम जनता का प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क है।

# अरविंद केजरीवाल को आबकारी नीति मामले में बरी किया जाना सच्चाई व लोकतंत्र की जीत: मोहिंदर भगत



पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** पंजाब के कैबिनेट मंत्री मोहिंदर भगत ने आबकारी नीति मामले में अदालत के हालिया फैसले को सच्चाई और लोकतांत्रिक मूल्यों की जीत बताया। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल, जो आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक हैं, तथा दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सहित अन्य आरोपियों को बरी किए जाने से उन पर लगाए गए आरोप निराधार और बेबुनियाद साबित हुए हैं।

श्री भगत ने कहा कि अदालत के इस फैसले ने न्यायपालिका के प्रति आम जनता का विश्वास और मजबूत किया है तथा यह सिद्ध किया है कि अंततः सत्य और न्याय की ही विजय होती है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई नेतृत्व की छवि को धूमिल करने के लिए कई प्रयास किए गए, लेकिन न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से सच्चाई सामने आ गई।

अरविंद केजरीवाल को एक प्रतिबद्ध और दूरदर्शी नेता बताते हुए श्री भगत ने कहा कि राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद वे पारदर्शी शासन और जनकल्याण के लिए निरंतर कार्य करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि माननीय न्यायालय का यह निर्णय देश में लोकतांत्रिक परंपराओं को और सुदृढ़ करेगा तथा सत्य और न्याय के महत्व को उजागर करेगा।

# पंजाब में जनगणना 2027 का पहला चरण 15 मई से होगा शुरू, 30 अप्रैल से स्व-गणना

■ मुख्य सचिव के.ए.पी. सिन्हा की अध्यक्षता में जनगणना 2027 संबंधी राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित



पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण (गृह सूचीकरण) के संबंध में आज डिप्टी कमिश्नरों और नगर निगम आयुक्तों के लिए होटल माउंट व्यू, चंडीगढ़ में एक दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया। यह सम्मेलन पंजाब के स्थानीय निकाय विभाग और जनगणना संचालन निदेशालय, पंजाब द्वारा संयुक्त रूप से मुख्य सचिव पंजाब श्री के.ए.पी. सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस सम्मेलन का उद्देश्य 15 मई 2026 से 13 जून 2026 तक आयोजित किए जाने वाले जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत घरों के सूचीकरण और मकान जनगणना की प्रक्रिया से क्षेत्रीय प्रशासनिक प्रमुखों को अवगत कराना था। इस दौरान स्व-गणना का विकल्प भी उपलब्ध कराया जाएगा, जो 30 अप्रैल 2026 से 14 मई 2026 तक आम जनता के लिए खुला रहेगा। जनगणना 2027 का दूसरा चरण फरवरी 2027 में प्रारंभ किया जाएगा।

अपने उद्घाटन संबोधन में मुख्य सचिव श्री के.ए.पी. सिन्हा ने जनगणना के राष्ट्रीय महत्व पर प्रकाश डाला और साक्ष्य-आधारित प्रशासन, कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा संसाधनों के समान वितरण में इसकी भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने पारदर्शिता, आंकड़ों की शुद्धता और समय-सीमा के कड़ाई से पालन पर बल देते हुए सभी अधिकारियों से सुव्यवस्थित योजना और निर्बाध अंतर-विभागीय समन्वय सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनगणना 2027 के दौरान शुद्धता, डिजिटल प्रक्रिया और प्रशासनिक अनुशासन के नए मानक स्थापित किए जाएंगे।

इस अवसर पर मुख्य सचिव ने जनगणना 2027 का पंजाबी लोगो भी जारी किया। उन्होंने जनगणना के उद्देश्य से अद्यतन राजस्व मानचित्र (जिले और तहसील) तथा शहरी स्थानीय निकायों के मानचित्र भी जारी किए। इस दौरान जनगणना संचालन निदेशक, पंजाब डॉ. नवजोत खोसा ने अधिकारियों को जनगणना 2027 के रोडमैप और रणनीतिक ढांचे की जानकारी दी। उन्होंने जनगणना अधिनियम 1948 तथा जनगणना नियम 1990 के अंतर्गत वैधानिक प्रावधानों की विस्तृत जानकारी देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित मानकों, परिभाषाओं और प्रक्रियाओं के सख्ती से पालन पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि पहला चरण दूसरे चरण की नींव का कार्य करेगा और गृह सूचीकरण के दौरान बनाए रखी गई गुणवत्ता और शुद्धता इस जनगणना अभियान की समग्र सफलता निर्धारित करेगी। डिप्टी कमिश्नरों और नगर निगम आयुक्तों ने चर्चा में सक्रिय भागीदारी करते हुए जिला स्तर की तैयारियों, लॉजिस्टिक व्यवस्थाओं, प्रशिक्षण योजनाओं, ग्रामीण और शहरी कवरेज रणनीतियों तथा स्थानीय संस्थाओं के साथ समन्वय तंत्र संबंधी जानकारी साझा की।

# गैंगस्टरों पर वार का 38वां दिन: पंजाब पुलिस ने 515 स्थानों पर की छापेमारी, 184 गिरफ्तार

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर चल रही निर्णायक मुहिम 'गैंगस्टरों पर वार' के 38वें दिन पंजाब पुलिस ने आज पूरे राज्य में गैंगस्टरों के सहयोगियों के चिन्हित और मानचित्रित 515 ठिकानों पर छापेमारी की। उल्लेखनीय है कि 'गैंगस्टरों पर वार' पंजाब को गैंगस्टर-मुक्त राज्य बनाने के लिए एक निर्णायक अभियान है, जिसकी शुरुआत 20 जनवरी, 2026 को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव द्वारा की गई थी। इस मुहिम के तहत एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) के समन्वय से सभी जिलों की पुलिस टीमें राज्यभर में विशेष अभियान चला रही हैं।

अभियान के 38वें दिन पुलिस टीमों ने 184 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया तथा आरोपियों के कब्जे से चार हथियार बरामद किए। इसके साथ ही अभियान की शुरुआत से अब तक कुल गिरफ्तारियों की संख्या बढ़कर 11,800 हो गई है। इसके अतिरिक्त 91 व्यक्तियों के विरुद्ध एहतियाती कार्रवाई की गई, जबकि 113 व्यक्तियों को जांच और पूछताछ के बाद रिहा कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान 12 भगोड़े अपराधियों (पी ओ)को भी गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि आम नागरिक वांछित अपराधियों और गैंगस्टरों संबंधी जानकारी एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन नंबर 93946-93946 पर गुप्त रूप से दे सकते हैं। इस नंबर पर अपराध और आपराधिक गतिविधियों से संबंधित सूचना भी साझा की जा सकती है। इस दौरान पुलिस टीमों ने नशों के विरुद्ध चल रही मुहिम ' युद्ध नशों विरुद्ध ' के 363वें दिन भी अभियान जारी रखते हुए 103 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया।

# अरविंद केजरीवाल पूर्णत: सत्य सिद्ध होकर उभरे, संवैधानिक लोकतंत्र में सत्य की विजय होती है: कुलतार सिंह संधवां

**चंडीगढ़।** पंजाब विधान सभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने कहा कि आबकारी नीति मामले में माननीय न्यायालय का हालिया निर्णय संवैधानिक नैतिकता और कानून के शासन की सशक्त पुनर्पुष्टि है। उन्होंने कहा कि पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सहित सभी 23 आरोपियों के विरुद्ध मामलों को निरस्त किया जाना स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि राजनीतिक क्षेत्र में प्रचारित आरोप न्यायिक जांच में टिक नहीं सके।

स्पीकर संधवां ने कहा, जब लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित मुख्यमंत्री का नाम बिना ठोस साक्ष्य के लिया जाता है और जांच एजेंसियां प्रथम दृष्टया भी कोई मामला स्थापित करने में असमर्थ रहती हैं, तो यह संस्थागत शुचिता और विधिसम्मत प्रक्रिया पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। जांच अधिकारी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के संबंध में न्यायालय का निर्देश हमारे संवैधानिक ढांचे में जवाबदेही की सर्वोच्चता को रेखांकित करता है।÷

निर्णय के व्यापक राजनीतिक और नैतिक प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए स्पीकर संधवां ने कहा, अरविंद केजरीवाल केवल बरी ही नहीं हुए, बल्कि सत्य सिद्ध होकर उभरे हैं। जमीनी संघर्षों से तपे हुए नेता के रूप में उन्होंने सदैव आम नागरिकों की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व किया है। वे आधुनिक दृष्टि के दूरदर्शी नेता हैं, जो पारदर्शिता, जनसेवा और सहभागी लोकतंत्र पर आधारित 'जनता का, जनता के द्वारा और जनता के लिए' शासन की अवधारणा को साकार करते हैं। उन्होंने कहा, यह फैसला इस धारणा को मजबूत करता है कि उन्हें बदले की राजनीति का शिकार बनाया गया, किंतु साथ ही यह एक बड़े सत्य की पुष्टि भी करता है–संवैधानिक लोकतंत्र में सत्य की विजय होती है।

# विजिलेंस ने पटवारी को 10 हजार रिश्वत लेते किया काबू

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** विजिलेंस ब्यूरो, पंजाब ने राज्य में भ्रष्टाचार के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान जिला बठिंडा के कोट शमीर स्थित माल कार्यालय में तैनात पटवारी मनजोत सिंह को 10,000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए आज यहां राज्य विजिलेंस ब्यूरो के एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि उक्त आरोपी को गांव कोट शमीर, जिला बठिंडा के एक निवासी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता अपने रिश्तेदार की पैतृक संपत्ति के इंतकाल के लिए संबंधित पटवारी से मिला था। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपी पटवारी ने उसके रिश्तेदार की संपत्ति का इंतकाल करने के बदले 10,000 रुपये रिश्वत की मांग की थी। शिकायतकर्ता ने रिश्वत की मांग से संबंधित पूरी बातचीत रिकॉर्ड कर ली थी। शिकायतकर्ता रिश्वत नहीं देना चाहता था, इसलिए उसने विजिलेंस ब्यूरो रेंज, बठिंडा से संपर्क कर शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए विजिलेंस ब्यूरो ने जाल बिछाया और सरकारी गवाहों की मौजूदगी में आरोपी पटवारी को शिकायतकर्ता से 10,000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों काबू कर लिया।

# सरकार अपनी विश्वसनीयता साबित करने के लिए गुरदासपुर एनकाउंटर की जांच कराए : सुनील जाखड़

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 27 फरवरी।** पंजाब भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने गुरदासपुर ज़िले में पुलिस मुठभेड़ में मारे गये युवक के मामले में लोगों के मन में उठ रहे सवालों को देखते हुए सरकार से अपील की है कि वह अपनी विश्वसनीयता साबित करने के लिए इस मामले की निष्पक्ष जांच कराने की पहल करे।

जाखड़ ने शुक्रवार को कहा कि इस संबंध में पुलिस द्वारा दी जा रही कहानी जनता के मन में संदेह पैदा कर रही है और सरकार और पुलिस की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर रही है। उन्होंने कहा कि यह सरकार लोगों के बीच अपनी साख खो चुकी है और लोग इसके बयानों पर विश्वास नहीं कर पा रहे हैं।

इसलिए अपनी खोई हुई विश्वसनीयता को बहाल करने के लिए सरकार को निष्पक्ष जांच कराने के लिए आगे आना चाहिए। जाखड़ ने यहां संवाददाताओं से कहा कि मुठभेड़ किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यह मानवाधिकारों का उल्लंघन है और पंजाब के संदर्भ में यह और भी ज़रूरी हो जाता है कि ऐसे मामलों की गंभीर जांच हो, क्योंकि पंजाब अपने काले दौर में फर्जी एनकाउंटरों का भारी खामियाजा भुगत चुका है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि वह यह नहीं कह रहे कि कौन दोषी है और कौन निर्दोष, न ही यह कह रहे हैं कि एनकाउंटर फर्जी था या असली।

लेकिन पुलिस की कहानी लोगों के गले नहीं उतर रही है। मृतक का परिवार और समाज सवाल उठा रहा है।

# कीमती भगत ने पंजाब गौ सेवा आयोग के वाइस चेयरमैन का पद संभाला



पंचकूला ऑब्जर्वर

**साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा हाल ही में नियुक्त पंजाब गौ सेवा कमीशन के वाइस चेयरमैन श्री कीमती भगत ने आज कैबिनेट मंत्री श्री मोहिंदर भगत की उपस्थिति में अपना पदभार ग्रहण किया।

इस अवसर पर श्री कीमती भगत के परिवारिक सदस्यों के अतिरिक्त बड़ी संख्या में उनके समर्थक, साधु-संत तथा विभिन्न गौशालाओं के प्रबंधक उपस्थित रहे। पदभार ग्रहण करते हुए श्री कीमती भगत ने कहा कि वे पंजाब राज्य में बेसहारा गौमाता की देखभाल सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि बेसहारा पशुओं के कारण हो रहे जान-माल के नुकसान को रोकने के लिए वे राज्य के सभी उपायुक्तों तथा पशुपालन विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर प्रयास करेंगे, ताकि इन पशुओं को गौशालाओं में आश्रय दिया जा सके। इस अवसर पर संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री श्री मोहिंदर भगत ने नवनियुक्त वाइस चेयरमैन श्री कीमती भगत को शुभकामनाएं दीं और आशा व्यक्त की कि वे राज्य में बेसहारा गौवंश की सेवा को प्रभावी ढंग से सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर बलजिंदर सिंह बंटी (वन विभाग के वाइस चेयरमैन), महंत रवि कांत जी (चेयरमैन, हिंदू वेलफेयर बोर्ड), श्री सतीश कुमार (राष्ट्रीय प्रधान, गौ रक्षा दल), अमृत भगत (प्रधान, सतगुरु कबीर सेना पंजाब), रमेश भगत, आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. राजेश नारंग, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. प्रीति सिंह, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. शाम सिंह तथा पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. उज्ज्वल गुप्ता सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## खाद्य व पोषण सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने हेतु अहम बैठक

# योग्य संस्थाओं को अनाज व बुजुर्गों को पेंशन उपलब्ध कराने पर चर्चा: डॉ. बलजीत



पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** पंजाब राज्य खाद्य आयोग की पहल पर सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री, पंजाब डॉ. बलजीत कौर की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य खाद्य सुरक्षा, पोषण तथा सामाजिक कल्याण से संबंधित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को और सुदृढ़ करना था।

बैठक में पंजाब राज्य खाद्य आयोग के चेयरमैन श्री बाल मुकंद शर्मा तथा सदस्य श्री विजय दत्त और श्री चेतन प्रकाश धालीवाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने भाग लिया। इस अवसर पर सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव श्री गुरकिरत कृपाल सिंह (आईएएस) और निदेशक श्रीमती शेना अग्रवाल (आईएएस)भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

बैठक के दौरान डॉ. बलजीत कौर ने खाद्य सुरक्षा और पोषण से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि सरकार की खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत योग्य संस्थाओं को प्रति व्यक्ति प्रति माह 15 किलोग्राम अनाज रियायती दरों पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

यह सुविधा पिंगलवाड़ा संस्थाओं, वृद्धाश्रमों, बेसहारा गृहों सहित मान्यता प्राप्त कल्याण संस्थाओं, अनुसूचित जाति की छात्राओं के छात्रावासों तथा विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों के विद्यालयों तक निरंतर बढ़ाई जानी चाहिए।

इसके अतिरिक्त वृद्धाश्रमों में निवास कर रहे पात्र बुजुर्गों को वृद्धावस्था पेंशन प्रदान करने तथा पिंगलवाड़ा सहित अन्य गैर-मान्यता प्राप्त संस्थाओं के निवासियों को मध्याह्न भोजन योजना का लाभ देने संबंधी विषयों पर भी डॉ. बलजीत कौर की अगुवाई में गंभीर विचार-विमर्श किया गया। चेयरमैन श्री बाल मुकंद शर्मा द्वारा सुधार योग्य स्थिति में चल रहे आंगनवाड़ी केंद्रों की मरम्मत और निर्माण की आवश्यकता पर बल दिए जाने पर मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि उपलब्ध निधियों का जनहित में प्रभावी और समयबद्ध उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।

बैठक में पोषण वाटिका योजना के अंतर्गत रसोई बाग एवं औषधीय उद्यान विकसित करने, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को नियमित प्रशिक्षण प्रदान करने तथा कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और दक्षता लाने के लिए उन्हें मोबाइल फोन उपलब्ध कराने संबंधी सुझावों पर भी विचार किया गया। इस अवसर पर डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार जनकल्याणकारी नीतियों के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा सरकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक पारदर्शी, समयबद्ध और प्रभावी तरीके से पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है।

# आवारा कुाों के झुंड ने मासूम को नोच-नोच कर मार डाला

**जालंधर, 27 फरवरी।** पंजाब में आवारा कुत्तों के बढ़ते हमलों के बीच सुल्तानपुर लोधी से एक बेहद दर्दनाक और दिल दहला देने वाली घटना सामने आयी है।

खेतों में अपने पिता को खाना देने गये आठ वर्षीय मासूम बच्चे पर आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल बच्चे को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टर उसे बचा नहीं सके।

इस घटना के बाद पूरे इलाके में शोक और दहशत का माहौल है। मृतक बच्चे की पहचान आठ वर्षीय इतवारी के रूप में हुई है, जो सुल्तानपुर लोधी के गिला गाखला गांव का रहने वाला था।

बताया जा रहा है कि उसका परिवार मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बहराइच का निवासी है और कामकाज के सिलसिले में यहां रह रहा था। परिवार मजदूरी कर अपने बच्चों का पालन-पोषण कर रहा था, लेकिन इस दर्दनाक हादसे ने परिवार की खुशियां पलभर में उजाड़ दीं।

इतवारी अपनी मां के साथ खेत पर पिता को खाना देने गया था। जहां बच्चा शौच के लिए खेत में चला गया। इसी दौरान आवारा कुत्तों का झुंड आया और उस पर हमला कर दिया। इस दौरान कुत्तों ने उसके सिर पर सबसे ज्यादा नोचा, इसके अलावा शरीर के अन्य हिस्सों पर भी काट लिया। पुत्र के चिल्लाने की आवाज सुनकर माता-पिता भागे और पुत्र को कुत्तों के चंगुल से छुड़वाया। इसके बाद वे तुरंत बच्चे को गंभीर हालत में इलाज के लिए सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृत बच्चे के पिता मुनेजर ने बताया कि वह खेतों में आलू की बुआई कर रहे थे। दोपहर में पत्नी के साथ बेटा खाना देने के लिए आया था। जिसके बाद पुत्र ने शौच जाने के लिए कहा और और वह खेत में चला गया, वहां पर पुत्र पर पांच से छह कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया।

## एक नजर

### कच्चा बेरी सड़क पर बनेगा अंडरपास, 1346.60 लाख की स्वीकृति : रणबीर गंगवा

**चंडीगढ़.** हरियाणा के लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश में रेलवे से जुड़े बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और आमजन को बेहतर यातायात सुविधा देने के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। राज्य में विभिन्न रेलवे क्रॉसिंगों पर अंडरपास और ओवरब्रिज निर्माण के माध्यम से जाम की समस्या कम करने और सड़क सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कच्चा बेरी सड़क पर अंडरपास निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है। लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री श्री रणबीर गंगवा आज हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान विधायक श्री भारत भूषण बत्तरा द्वारा पूछे गए प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। कच्चा बेरी सड़क स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरपास बनाने का प्रस्ताव विचाराधीन है। इस संबंध में सामान्य व्यवस्था रेखाचित्र को रेलवे विभाग द्वारा अनुमोदित किया जा चुका है। यह कार्य राज्य सरकार के जमा कार्य के रूप में रेलवे विभाग द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अंडरपास निर्माण के लिए 1346.60 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। इसके लिए हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड (।।ह्र्स्क्च) की 1 कनाल 17 मरला भूमि भी शामिल है। इस भूमि को पीडब्ल्यूडी (बीएंडआर) के नाम हस्तांतरित करने की प्रक्रिया जारी है। भूमि उपलब्ध होते ही टेंडर आमंत्रित किए जाएंगे और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

### असंध क्षेत्र के गांवों में बनेंगे नए उप-स्वास्थ्य केंद्र, अमीन पीएचसी के अपग्रेड पर होगी पुनः समीक्षा : आरती सिंह राव

**चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि असंध विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कई गांवों में उपस्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण कार्य करवाया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री आज हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन के एक सदस्य द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब दे रही थी। आरती सिंह राव ने बताया कि असंध उपमंडल अस्पताल के अंतर्गत उप स्वास्थ्य केंद्र राहड़ा के भवन के निर्माण के लिए निविदा 16 फरवरी 2026 को आवंटित की गई है , इसका निर्माण कार्य जल्द किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, गांव थल में स्थित एकमात्र उप-स्वास्थ्य केंद्र वर्तमान में निजी किराए के भवन में कार्यरत है। इस उप-स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति जारी की जा चुकी है परन्तु अभी तक उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं हुई है। भूमि की उपलब्धता होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस विधानसभा क्षेत्र के गांव खेड़ी-सरफली और असंध- II में भी उप स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण किया जाएगा, लेकिन अभी तक भवन निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं हो पाई है। इन दोनों गांवों के मामले में भी भूमि की उपलब्धता होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने सदन के एक अन्य सदस्य द्वारा थानेसर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव अमीन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के तौर पर अपग्रेड करने के प्रश्न का जवाब देते हुए बताया कि फिलहाल नियमों के अनुसार यहां सीएचसी नहीं बनाई जा सकती। फिर भी इस मामले में पुन: जांच करवा लेंगे , आवश्यकता हुई तो अपग्रेड करने पर विचार किया जा सकता है।

### महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा उदयपुर

**रोहतक.** महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट का एक प्रतिनिधिमंडल ट्रस्ट चेयरमैन राजेश जैन जी के मार्गदर्शन में उदयपुर पहुंचा प्रतिनिधिमंडल ने निर्माणाधीन महालक्ष्मी मंदिर की दीवारों पर अष्टलक्ष्मी की भव्य कार्विंग करवाने के लिए विभिन्न वेंडर्स से मुलाकात की इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेश गोयल, आर्किटेक्ट वी. के. जैन, सुशील गुप्ता एवं दीक्षित गोयल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अध्यक्ष नरेश गोयल ने बताया कि रोहतक का पहला भव्य महालक्ष्मी मंदिर शीघ्र ही लोकार्पित होगा। मंदिर को आकर्षक और दिव्य स्वरूप देने के उद्देश्य से उदयपुर के अनुभवी कारीगरों द्वारा मंदिर की दीवारों पर अष्टलक्ष्मी की सुंदर नक्काशी (कार्विंग) की जाएगी। उन्होंने जानकारी दी कि महालक्ष्मी जी की मूर्ति का ऑर्डर जयपुर में दिया जा चुका है, जो मार्च माह में रोहतक पहुंच जाएगी। साथ ही, महाराजा अग्रसेन जी की विशाल प्रतिमा भी मार्च माह में आने की संभावना है,निर्माणाधीन महाराजा अग्रसेन भवन परिसर में स्थित महालक्ष्मी मंदिर के अक्टूबर माह तक पूर्ण होने की उम्मीद व्यक्त की गई है।

### विधायक मनमोहन ने हेलीकॉप्टर से की श्याम भगतों पर पुष्पवर्षा

**समालखा.** विश्व प्रसिद्ध चुलकाना धाम में शुक्रवार कों आस्था का अनोखा नज़ारा देखने को मिला, जहाँ श्याम भगत हल्का विधायक मनमोहन भड़ाना ने हेलीकॉप्टर से मंदिर परिसर सहित श्याम भगतो पर पुष्पवर्षा करवाई। आसमान से बरसते फूलों के बीच जय श्री श्याम के गगनभेदी जयकारों से पूरा चुलकाना धाम गूंज उठा। यह दृश्य श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर रहा था। इसी कड़ी में चुलकाना धाम स्थित श्री श्याम बाबा मंदिर कमेटी प्रधान रोशन छौक्कर ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्व प्रसिद्ध धार्मिक स्थल चुलकाना धाम में फाल्गुनी मेला महोत्सव चल रहा हैं। मेले में लाखों श्रद्धालु आते हैं। भक्त बाबा श्याम को प्रश्न करने के लिए तरह तरह के जतन करते हैं। कई पैदल यात्रा करता है तो कोई पेट पलनी और निशान यात्रा करता हैं। तो कोई बाबा को सोना और चांदी के आभूषणों भेट करता है। लेकिन, इससे अलग श्यामसेवक विधायक मनमोहन भड़ाना ने ऐसा किया है जिसे पूरे श्याम भक्त में खुशी का नजारा देखने को मिला। आसमान से बरसते फूलों के बीच जैसे ही हेलीकॉप्टर मंदिर के ऊपर मंडराया, पूरा चुलकाना धाम जय श्री श्याम के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा। पुष्प वर्षा का नजारा इतना मनमोहक था कि श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। मंदिर परिसर में मौजूद भक्तों के साथ-साथ आसपास के लोग भी इस दृश्य को देखने के लिए छतों पर चढ़ गए। फूलों की वर्षा ने पूरे क्षेत्र को भक्तिरस में सराबोर कर दिया।

### हैल्पफुल हैंड हरियाणा ने लगाया तीसरा रक्तदान शिविर

**कैथल.** हनुमान वाटिका भवन में शुक्रवार को टीम हैल्पफुल हैंड हरियाणा द्वारा तीसरे विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। युवाओं ने रक्तदान शिविर में रक्तदान करके समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। स्वस्थ व्यक्ति को जीवन में जरूर एक बार रक्तदान करना चाहिए। ऐसा करने से उनका स्वयं का स्वास्थ्य भी सही रहता है। संस्था के समन्वयक मनदीप ने बताया कि रक्तदान महादान है, इससे बड़ा कोई दान नहीं है। मावनता की सेवा करने का अवसर प्राप्त होता है। अभी तक विज्ञान द्वारा रक्त का कोई विकल्प नहीं खोजा जा सका है। इसलिए हम सबको मिलकर रक्तदान करना चाहिए। क्योंकि केवल मानव का रक्त ही किसी जरूरतमंद व्यक्ति को दिया जा सकता है। दुर्घटना का शिकार व्यक्ति का अधिक रक्त बहना उसकी मौत का कारण हो सकता है। केवल मानव का रक्त ही उस जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन दान दे सकता है।

## हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र : सीएम सैनी ने हर मुद्दे पर किया सरकार का रिपोर्ट कार्ड पेश

# सरकार का विजन : रोजगार, रिसर्च और सुरक्षा

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता



**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण पर जवाब देते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी विपक्ष द्वारा लगाए गए आरोपों का हर का करारा जवाब दिया। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल के अभिभाषण पर जवाब देते हुए सरकार का रिपोर्ट कार्ड भी सदन में रखा और मिशन-2026 का विजन भी स्पष्ट किया। मुख्यमंत्री ने धान खरीद में कथित 5000 करोड़ रुपये के घोटाले, वृद्धावस्था पेंशन, फसल खराबा मुआवजा, बेरोजगारी, खिलाड़ियों की सुविधाएं, कानून-व्यवस्था और प्रदेश के बढ़ते कर्ज जैसे मुद्दों पर आंकड़ों और तथ्यों के साथ विपक्ष पर पलटवार किया। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि सरकार की नीतियां किसान, युवा, बुजुर्ग और खिलाड़ियों के हितों को केंद्र में रखकर बनाई गई हैं। धान खरीद प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल और डेटा आधारित बताते हुए उन्होंने कहा कि जहां-जहां अनियमितताएं मिलीं, वहां एफआईआर, निलंबन और रिकवरी जैसी सख्त कार्रवाई की गई। फसल खराबा मुआवजे और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 11 वर्षों में हजारों करोड़ रुपये सीधे किसानों के खातों में भेजे जाने का उल्लेख करते हुए उन्होंने पारदर्शिता पर जोर दिया।

युवाओं को डंकी रूट और फर्जी एजेंटों से बचाने के लिए 'विदेश सहयोग विभाग' और हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से लीगल रूट से विदेश भेजने की व्यवस्था का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ नहीं होने देगी। वहीं, खेल अवसंरचना, सरकारी नौकरियों में पारदर्शी भर्ती, एआई मिशन और रिसर्च फंड जैसी पहलों को भविष्य की दिशा बताया। मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि सरकार सेवा, संवेदना और जवाबदेही की राजनीति करती है और किसी भी पात्र व्यक्ति का हक नहीं मारा जाएगा। विपक्ष को रचनात्मक सुझाव देने की नसीहत देते हुए उन्होंने भरोसा दिलाया कि हरियाणा विकास, पारदर्शिता और सुशासन के रास्ते पर मजबूती से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में ही युवाओं के कौशल और रोजगार के लिए अनेक कारगर कदम उठाए हैं। फिर भी कोई युवा विदेश जाना चाहता है तो उसकी मदद के लिए 'विदेश सहयोग विभाग' बनाया गया है। यह विभाग युवाओं को विदेश में रोजगार व शिक्षा प्राप्त करने में मदद करता है। उन्होंने कहा कि 'विदेश सहयोग विभाग' की वेबसाइट पर विदेश में रोजगार, शिक्षा, व्यापार और निवेश से संबंधित जानकारी उपलब्ध है। इसके अलावा, विदेश भेजने वाले अधिकृत एजेंटों की सूची भी उपलब्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डंकी रूट से युवाओं को विदेश में भेजने वाले एजेंटों के खिलाफ सरकार कड़ी कार्रवाई कर रही है। विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने के लिए और ट्रैवल एजेंट्स को रेगुलेट करने के लिए कानून भी बनाया जा चुका है। सरकार एचकेआरएनएस के माध्यम से लीगल रूट से विदेशों में युवाओं को भेज रही है।

उन्होंने कहा कि एचकेआरएनएल को मिनिस्ट्री ऑफ एक्सटर्नल अफेयर्स द्वारा रिक्रूटिंग एजेंट के लाइसेंस की सैद्धांतिक मंजूरी दी जा चुकी है। इस विषय में समय-समय पर एचकेआरएनएल द्वारा विज्ञापन प्रकाशित किए जा रहे हैं।

### रिसर्च और एआई पर बड़ा दांव

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कई बेहतरीन आइडिया संसाधनों की कमी से पूरे नहीं हो पाते। ऐसे में इन आइडियाज को हकीकत में बदलने के लिए सरकार ने 'हरियाणा स्टेट रिसर्च फंड' स्थापित करने का निर्णय लिया है। यह कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में शोध को बढ़ावा देने के लिए 20 करोड़ रुपये के शुरुआती कोष से स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार हरियाणा में ए.आई. के उपयोग को प्रोत्साहित कर रही है। इसमें सरकार नीतियों को तकनीकी नवाचार के साथ मानव-केंद्रित दृष्टिकोण पर आधारित कर रही है, ताकि ए.आई. का लाभ अत्यंत सुरक्षित, समावेशी तथा न्यायसंगत रूप से सभी तक पहुंचे। इसलिए 'हरियाणा ए.आई. मिशन' की स्थापना का प्रस्ताव है। इसके लिए विश्व बैंक ने प्रदेश सरकार को 474 करोड़ रुपये की सहायता देने का आश्वासन दिया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश को कर्ज में डुबोने का आरोप लगाया है, जबकि हमारी सरकार का इरादा और दिशा एकदम साफ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के शासन काल में वर्ष 2004-05 से 2014-15 तक दस साल की अवधि के दौरान, कर्ज देनदारियों में 458.30 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। जबकि, हमारे 10 साल के शासनकाल में 2014-15 से 2024-25 के बीच, कर्ज देनदारी में 227.49 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जोकि इनकी सरकार की तुलना में आधी से भी कम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष द्वारा राशन कार्ड से संबंधित मुद्दा पिछले बजट अधिवेशन में भी उठाया गया था। सदन में मार्च, 2025 में बजट अधिवेशन के दौरान 27 मार्च को बी.पी.एल. कार्डों के विषय पर अपनी बात रखी थी। उन्होंने कहा कि उस समय विपक्ष ने 50 लाख से अधिक बी.पी.एल. राशन कार्ड बनाने पर आपत्ति जताई थी। ये रिकार्ड की बात है, रिकार्ड निकाल कर इसे चैक करवा सकते हैं।

## हरियाणा में ओबीसी के लिए क्रीमीलेयर की आय सीमा पर सदन में हंगामा

**चंडीगढ़।** हरियाणा में ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) के लिए प्रदान की गई क्रीमीलेयर की आय सीमा को लेकर विवाद की स्थिति पैदा हो गई। शुक्रवार को विधानसभा में यह मुद्दा उठा, जिस पर रिटायर्ड आइएएस एवं आदमपुर के कांग्रेस विधायक चंद्रप्रकाश की समाज कल्याण मंत्री कृष्ण कुमार बेदी से बहस हुई। केंद्र सरकार ने क्रीमीलेयर की आय सीमा 2017 में छह लाख से बढ़ाकर आठ लाख रुपये वार्षिक कर दी थी, जबकि हरियाणा सरकार ने इस व्यवस्था को अपने राज्य में 16 जुलाई 2024 से लागू किया है। इस अवधि से पहले क्रीमीलेयर की आय सीमा छह लाख रुपये थी और राज्य सरकार भी छह लाख रुपये वार्षिक मानकर लाभ प्रदान कर रही थी।

कांग्रेस विधायक चंद्र प्रकाश ने विधानसभा में सवाल उठाया कि जब केंद्र सरकार ने 2017 में क्रीमीलेयर की आय सीमा छह लाख से बढ़ाकर आठ लाख रुपये कर दी थी, फिर हरियाणा सरकार ने इसे 2024 से क्यों लागू किया। चंद्र प्रकाश ने आरोप लगाया कि इन आठ सालों में ओबीसी वर्ग के लोगों को छह लाख रुपये वार्षिक क्रीमीलेयर सीमा के हिसाब से लाभ मिले, जबकि मिलने आठ लाख रुपये की आय सीमा के हिसाब से चाहिए थे। आठ सालों में हजारों-लाखों लोग ऐसे होंगे, जिन्हें क्रीमीलेयर की बढ़ी हुई आय सीमा आठ लाख रुपये का लाभ नहीं मिला। इस पर सरकार को जवाब देना चाहिए।

क्रीमी लेयर (आठ लाख से अधिक आय सीमा) में आने वाले ओबीसी व्यक्तियों को सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण का लाभ नहीं मिलता, जबकि आठ लाख रुपये वार्षिक तक आय श्रेणी में आने वाले ओबीसी सरकारी नौकरियों व शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण के हकदार हैं। समाज कल्याण मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने चंद्रप्रकाश के आरोपों को नकारते हुए कहा कि क्रीमीलेयर की आय सीमा नहीं बढ़ाने से किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ है।

सरकार की प्राथमिकता वंचित लोगों को लाभान्वित करने की है। इसीलिए इस आय वर्ग में तीन लाख रुपये तक की सालाना आय वाले लोगों को पहले तरजीह दी गई। बीच में मोर्चा संभालते हुए सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि अगर विधायक के पास कोई एक नाम भी ऐसा हो, जो लाभ से वंचित रह गया है, उसके बारे में हमें सूचित करें। उन्होंने चंद्र प्रकाश के आरोपों को सिरे से नकार दिया। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा आठ सितंबर 1993 को अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी) को क्रीमी लेयर से बाहर करने के लिए मानदंड तय किए गए थे।

## हरियाणा में विश्वविद्यालयों के संविदा व अंशकालिक शिक्षकों को सेवा सुरक्षा देने का है विचार : शिक्षा मंत्री

### उच्च शिक्षा विभाग ने समिति गठित कर शुरू कर दी है प्रक्रिया

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता

**चंडीगढ़।** हरियाणा के शिक्षा मंत्री श्री महीपाल ढांडा ने बताया कि प्रदेश सरकार राज्य विश्वविद्यालयों में संविदात्मक तौर पर कार्यरत प्राध्यापकों के लिए सेवा सुरक्षा विधेयक का प्रारूप तैयार करने पर विचार कर रही है। इस संबंध में अन्य विभागों से विचार विमर्श किया जा रहा है। ढांडा आज हरियाणा विधानसभा के सत्र के दौरान सदन के दो सदस्यों सदस्य द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि विभाग को हरियाणा यूनिवर्सिटीज कॉन्ट्रैक्चुअल टीचर्स एसोसिएशन और हरियाणा यूनिवर्सिटीज पार्ट-टाइम टीचर्स एसोसिएशन (।।क्क्ष्ल्ल-ञ्ज) से रिप्रेजेंटेशन प्राप्त हुआ था। इन संगठनों ने वर्ष 2024 के सेवा सुरक्षा अध्यादेश की तर्ज पर कानून बनाने की मांग की है। इस प्रस्ताव में शिक्षकों को 60 वर्ष की आयु तक सेवा सुरक्षा प्रदान करने की बात कही गई।

महिपाल ढांडा ने बताया कि प्रदेश सरकार ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री की स्वीकृति से समिति का गठन का गठन किया गया जिसमें महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के कुलपति को अध्यक्ष, इसी विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार को , गुरुग्राम विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डीन अकादमिक अफेयर्स को सदस्य के तौर पर नामित किया गया। उन्होंने बताया कि इस समिति को उक्त शिक्षकों की सेवा सुरक्षा से जुड़े सभी पहलुओं पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने का दायित्व दिया गया। रिपोर्ट मिलने के बाद मामला दोबारा मुख्यमंत्री के पास निर्णय हेतु भेजा गया। इसके बाद 29 जुलाई 2025 को इस विषय पर मुख्यमंत्री के ओएसडी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में गहन चर्चा हुई। इसके परिणामस्वरूप निर्णय लिया गया कि राज्य विश्वविद्यालयों में कार्यरत पूरे शैक्षणिक स्टॉफ का विस्तृत डाटा एक निर्धारित प्रारूप में एकत्र किया जाए। शिक्षा मंत्री ने बताया कि उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने 30 जुलाई 2025 को सभी राज्य विश्वविद्यालयों को पत्र जारी किया। इस पत्र के माध्यम से आवश्यक जानकारी मांगी गई। विश्वविद्यालयों से प्राप्त आंकड़ों को संकलित किया गया। इसके बाद यह संपूर्ण रिपोर्ट मुख्यमंत्री को आगे की कार्रवाई के लिए भेज दी गई। इसके बाद मुख्यमंत्री की ओर से यह सुझाव दिया गया कि समिति की सिफारिशों पर अन्य संबंधित विभागों की भी राय ली जाए जिसके तहत 9 दिसंबर 2025 को विभिन्न विभागों चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग, आयुष विभाग, युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, खेल विभाग से सुझाव और टिप्पणियां मांगी गईं ताकि एक समग्र नीति तैयार की जा सके। उन्होंने बताया कि हालांकि, निर्धारित समय में सभी विभागों से जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी। इसलिए 29 जनवरी 2026 को संबंधित विभागों को रिमाइंडर भेजा गया। वर्तमान में सभी विभागों से आवश्यक सूचनाओं का इंतजार किया जा रहा है ,जैसे ही यह जानकारी प्राप्त होगी, मामले को पुन: मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

## खाटू श्याम जाने वाली बस को सांसद ने दिखाई झंडी

**टोहाना.** राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने श्री श्याम बाबा की असीम कृपा से श्री श्याम सेवा मंडल (रजि.) टोहाना द्वारा आयोजित 26वें विशाल श्री श्याम सतरंगी फाल्गुन महोत्सव में श्रद्धापूर्वक शिरकत की। यह भव्य धार्मिक आयोजन श्री खाटू श्याम मंदिर, टोहाना में अत्यंत हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। सांसद सुभाष बराला ने मंदिर परिसर में बाबा श्याम की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और उन्नति की कामना की। इस दौरान उन्होंने हारे के सहारे बाबा श्याम के सुंदर एवं भावपूर्ण भजनों का श्रवण किया। भजनों की मधुर स्वर लहरियों और श्रद्धालुओं की अपार आस्था ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। फाल्गुन महोत्सव के अवसर पर सतरंगी सजावट, पुष्प वर्षा और भजन संध्या ने कार्यक्रम को और भी दिव्य स्वरूप प्रदान किया।

### बुजुर्गों की सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं: गर्ग

**लाडवा.** समाजसेवी सचिन गर्ग ने कहा कि बुजुर्गों की सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। लाडवा का बाबा बंसी वाला वृद्धाश्रम बुजुर्गों की सेवा करके नेक कार्य कर रहा है, जिसकी जितनी सराहना की जाए कम है। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर आश्रम में सहयोग करना चाहिए, ताकि आश्रम में रह रहे बुजुर्गों को यह आश्रम न लगकर अपने घर जैसा माहौल लगे। सचिन गर्ग शुक्रवार को वृद्धाश्रम में बहु मंजिला वाशरूम के नवीन ब्लॉक पर डाले गए लेंटर के शुभारंभ पर बोल रहे थे। उन्होंने पूजन करकेव लड्डू बांटकर लेंटर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि आश्रम में रह रहे बुजुर्ग बेसहारा बुजुर्ग है उनकी सेवा भगवान की सच्ची सेवा है। उन्होंने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के लिए उपलब्ध कराई जा रही बेहतरीन सुविधाओं की सराहना की और विश्वास दिलाया की वह हमेशा बुजुर्गों की सेवा में तत्पर रहेगा। वृद्धाश्रम के प्रधान विकास सिंघल ने बताया कि सभी सुविधाओं से युक्त नवीन वाशरूम ब्लाक बनने से वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों को अधिक सुविधाजनक व सुरक्षित सेवा मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि वाशरूम ब्लाक के निर्माण में अनुमानित 70 लाख रुपए लागत आएगी। इस अवसर पर पवन गोयल, अनुज गोयल, संजय सिंगला, कुंवर सिंघल, योगेंद्र कांबोज मुख्य रूप से मौजूद थे।

### मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

**मुलाना.** मुलाना स्थित शिव धाम गौरी ताल मंदिर में श्री कृष्ण दिव्य भारती आश्रम प्रांगण में ब्रह्मलीन श्री श्री 1008 श्री दिव्य भारती जी महाराज के प्रथम पुण्य स्मरण के उपलक्ष्य में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा शुक्रवार को श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुई। इस पावन अवसर पर श्रीमद्भागवत कथा का रसपान श्रद्धालुओं को श्री शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ जी महाराज द्वारा करवाया गया। कथा के अंतिम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त किया। कथा प्रसंग के दौरान स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ जी महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य जीवन को सही दिशा प्रदान करती है। भगवान की भक्ति से ही मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है तथा जीवन में सुख, शांति और सद्भाव का संचार होता है।

## पेंशन कटी नहीं, दायरा बढ़ा : पारदर्शिता लाई भाजपा सरकार, कांग्रेस काल में पेंशन घोटाला

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा में पेंशन कटौती के आरोपों पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विपक्ष को करारा जवाब दिया। बजट सत्र के दौरान राज्यपाल अभिभाषण पर जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि लगभग 1.30 लाख मामलों में तकनीकी त्रुटियां जरूर सामने आई हैं, लेकिन किसी की पेंशन बंद नहीं की गई है। कांग्रेस पर हमला बोलते हुए उन्होंने पुराने पेंशन घोटालों और अपात्र लाभार्थियों के मामलों का जिक्र किया। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कोई भी पात्र बुजुर्ग पेंशन से वंचित नहीं रहेगा। उन्होंने बताया कि सरकार ने 11 वर्षों में पेंशन राशि 1,000 से बढ़ाकर 3,200 रुपये मासिक की है और आय सीमा को 3 लाख रुपये तक विस्तारित किया है। विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि पारदर्शी व्यवस्था के जरिए वास्तविक लाभार्थियों तक सहायता पहुंचाई जा रही है। भाजपा सरकार पारदर्शी सिस्टम लेकर आई है। जो लूट कांग्रेस के समय चलती थी, उसे उनकी सरकार ने रोका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग 1 लाख 30 हजार मामलों में कुछ गलतियां मिलीं, जो उम्र, आय इत्यादि से संबंधित थीं। इनकी पेंशन बंद नहीं की गई है। बल्कि, इन कमियों की जांच की जा रही है।

उन्होंने कहा कि विपक्ष को इतिहास भी याद रखना चाहिए। 1992 में कांग्रेस सरकार ने पहली बार 10 हजार रुपये की आय सीमा रखी और उस समय पेंशन 100 रुपये थी। वर्षों तक उन्होंने सीमा नहीं बदली। वर्ष 1992 से लेकर वर्ष 2009 तक कांग्रेस व इनेलो की सरकारों ने ना तो आय सीमा हटाई और ना ही कभी बढ़ाई गई। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस के समय में 50 हजार से अधिक अपात्र लोगों को पेंशन देने पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय में वर्ष 2011 में वृद्धावस्था पेंशन घोटाला सामने आया था। 50 हजार से अधिक ऐसे लोगों की पेंशन जारी की गई, जो या तो अपात्र थे या स्वर्गवासी हो चुके थे। उन्होंने कहा कि उस समय 16 जिलों में 15 लाख 98 हजार 126 लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन दी जा रही थी। जब पेंशन लेने वालों को बैंक खाते खुलवाने के लिए कहा गया, तो केवल 11 लाख 44 हजार 98 लोगों ने ही खाते खुलवाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने वृद्धावस्था पेंशन सहित सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशन को पारदर्शी ढंग से पात्र लोगों तक पहुंचाने का काम किया है। विपक्षी दलों के समय में तो अपात्र लोग लाभ ले जाते थे और पात्र लोग वंचित रह जाते थे। प्रदेश की वर्तमान सरकार सेवा, संवेदना और सत्य की राजनीति करती है। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र बुजुर्ग पेंशन से वंचित नहीं रहेगा। लेकिन जो लोग झूठ की दुकान चलाकर जनता को भ्रमित कर रहे हैं, उन्हें जनता की अदालत में जवाब देना होगा। वंदे मातरम् पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बड़े गर्व की बात है कि इस बार के बजट अधिवेशन की शुरुआत वंदे मातरम् गीत से हुई। विपक्षी सदस्यों द्वारा वंदे मातरम् गीत पर की गई टीका-टिप्पणी पर मुखर होते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम् हमारे राष्ट्र की आत्मा है, हमारी सांस्कृतिक चेतना है।

### छात्रों ने लिया प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग

**लाडवा.** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रलादपुर के नौवीं कक्षा के बच्चों ने दा कोणार्क अकादमी में आयोजित एक ट्यूनिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। इस शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, सह-शैक्षिक गतिविधियों तथा विद्यालयी वातावरण से परिचित कराना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने दा कोणार्क अकादमी की डिजिटल कक्षाओं, सुसज्जित परिसर, विज्ञान प्रयोगशालाओं, संगीत कक्ष, कला कक्ष, नृत्य कक्ष एवं 30 से अधिक खेलों का अवलोकन किया।

## दुकानों का किराया न भरने 13 दुकानें होंगी सील : निगम आयुक्त

**करनाल.** नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा के निर्देश पर निगम की दुकानों का किराया न भरने वाले किराएदारों की दुकानों को सील करने की कार्रवाई एक बार फिर तेज कर दी गई है। इसके तहत प्रवर्तन दल द्वारा 13 बकाया किराएदारों की सूची तैयार कर नोटिस जारी कर दिए गए हैं। इन बकायादारों को एक सप्ताह का समय दिया गया है, इसके बाद नगर निगम कार्रवाई करेगा। इनमें 10 दुकानें गांव उचानी, 1 राम नगर तथा 2 दुकाने गांव कम्बोपुरा की शामिल हैं। इन दुकानों पर 10 लाख 8 हजार 564 रुपये का बकाया है। निगमायुक्त ने बताया कि इन किराएदारों को अंतिम नोटिस जारी कर बकाया राशि जमा करवाने के लिए कहा गया था, परंतु उन द्वारा नोटिस की पालना नहीं की गई। अब नगर निगम के प्रवर्तन दल द्वारा इन दुकानों को सील कर अपने कब्जे में लिया जाएगा। इन किराएदारों के विरूद्ध हरियाणा नगर निगम अधिनियम 1994 के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसके पश्चात दुकान के किराए की वसूली सम्बंधित किराएदार से की जाएगी। नगर निगम द्वारा की गई रिकवरी की जानकारी देते उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक करीब 93 लाख रुपये की वसूली की गई है। इस राशि में बकाया व ब्याज दोनो सम्मिलित हैं। उन्होंने सभी किराएदारों से अपील की है कि वह अपना किराया जल्द से जल्द नगर निगम के खजाने में जमा करवा दें। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा जो 13 दुकानें सील कर कब्जे में ली जानी हैं, उसकी सूची निम्र प्रकार से है दुकान न. 1, गांव उचानी रूप चंद 36251 रुपये दुकान न. 2, गांव उचानी सुरिन्द्र 19599 रुपये दुकान न. 3, गांव उचानी जसबीर 25044 रुपये दुकान न. 5, गांव उचानी सावित्री 26778 रुपये दुकान न. 6, गांव उचानी सावित्री 48008 रुपये दुकान न. 7, गांव उचानी राम प्रकाश 24776 रुपये दुकान न. 8, गांव उचानी राजबीर 26778 रुपये दुकान न. 9, गांव उचानी सुनील कुमार 60275 रुपये. दुकान न. 15, गांव उचानी रमेश 62746 रुपय दुकान न. 16, गांव उचानी प्रेमचंद 48856 रुपये. दुकान न. 8, राम नगर मनोज कुमार 579083 रुपये दुकान न. 1, गांव कम्बोपुरा रजिन्द्र कुमार 37187 रुपये दुकान न. 2, गांव कम्बोपुरा ईशम सिंह 13193 रुपये निगमायुक्त ने सभी डिफॉल्टर किराएदारों को चेताते हुए कहा है कि वह दुकान का किराया एक सप्ताह के अंदर-अंदर नगर निगम कार्यालय में जमा करवा दें और दुकान को सील होने से बचा लें।

# पीएम मोदी से मिले विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना, वेडिंग रिसेप्शन का दिया न्योता



साउथ सिनेमा की दुनिया में विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना शादी को लेकर चर्चाओं में हैं। इस कपल ने 26 फरवरी को उदयपुर में तेलुगु और कोडवा रीति-रिवाजों के साथ शादी की। अब 4 मार्च को हैदराबाद में ग्रैंड रिसेप्शन रखा गया है, जिसका न्योता कपल ने खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर उन्हें दिया। विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना ने दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। इस मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। तस्वीरों में विजय और रश्मिका पारंपरिक परिधानों में नजर आ रहे हैं। तस्वीरों में वे प्रधानमंत्री को शॉल भेंट करते दिखाई दे रहे हैं। दोनों के चेहरे पर खुशी की झलक साफ नजर आ रही है। कपल ने पीएम मोदी को 4 मार्च को हैदराबाद में होने वाले उनके वेडिंग रिसेप्शन के लिए निमंत्रण कार्ड भी दिया। इससे पहले विजय और रश्मिका ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात कर उन्हें रिसेप्शन का न्योता दिया था। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने विजय देवरकोंडा के माता-पिता को एक पत्र लिखकर बेटे की शादी पर शुभकामनाएं दी थीं। अपने पत्र में प्रधानमंत्री ने लिखा था, शादी के आनंदमय और शुभ अवसर पर देवरकोंडा और मंदाना परिवार, दोनों को दिल से बधाई। यह शादी



विजय और रश्मिका के जीवन की एक नई और सुंदर शुरुआत है। सात फेरे लेने का अर्थ जीवन भर के लिए दोस्त बन जाना होता है। पत्र में प्रधानमंत्री ने दोनों कलाकारों के फिल्मी करियर से जुड़ी बातों का जिक्र भी किया था और लिखा, विजय और रश्मिका दोनों ही अपनी फिल्मों की स्क्रिप्ट और कहानियों के लिए नए नहीं हैं, वे पर्दे पर जादू करना जानते हैं। लेकिन, उनकी असल जिंदगी का यह नया अध्याय, जो प्यार और भरोसे से भरा है,



निश्चित रूप से सिल्वर स्क्रीन पर उनके द्वारा बनाए गए जादू से भी कहीं ज्यादा चमकेगा। आने वाले दिन, महीने और साल उनके साझा सपनों और उनके पूरे होने से भरे रहें। दोनों एक-दूसरे की जिम्मेदारियों को समझें, कमियों को अपनाएं, खूबियों से सीखें, और जीवन की यात्रा सच्चे साझेदार की तरह पूरी करें।

# दिलों को छू गया 'ना जाने कौन आ गया' का ट्रेलर



बहुप्रतीक्षित हिंदी फीचर फिल्म ना जाने कौन आ गया का ट्रेलर रिलीज़ होते ही चर्चा में आ गया है। जतीन सरना, मधुरिमा रॉय और प्रणय पचौरी अभिनीत इस फिल्म का निर्देशन विकास अरोड़ा ने किया है, जबकि निर्माण विपुल धवन और पूजा अरोड़ा ने किया है। 2 मिनट 26 सेकंड का ट्रेलर एक भावुक संवाद प्यार बड़ी कमाल की फीलिंग्स होती है से शुरू होता है और दर्शकों को सीधे इमोशन की दुनिया में ले जाता है। जतीन और मधुरिमा की मासूम प्रेम कहानी, उत्तराखंड की खूबसूरत वादियों के बीच पनपती नजर आती है। बर्फीली पहाड़ियां, शांत झीलें और सुकून भरे दृश्य कहानी को संवेदनशील स्पर्श देते हैं। कहानी में मोड़ तब आता है जब प्रणय पचौरी की एंट्री एक जटिल प्रेम त्रिकोण रचती है। रिश्तों की उलझन, तकरार और आत्म-खोज की जद्दोजहद ट्रेलर को भावनात्मक गहराई देती है। जतीन और प्रणय के बीच के टकराव वाले दृश्य प्रभाव छोड़ते हैं। फिल्म का टाइटल ट्रैक रेखा भारद्वाज की मधुर आवाज़ में ट्रेलर को खास बनाता है। कुल मिलाकर, यह फिल्म सिर्फ एक प्रेम कहानी नहीं, बल्कि रिश्तों की सच्चाई और खुद को समझने की यात्रा है। यह फिल्म 6 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी।



# अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने पहली बार दिखाई बेटे नीर की नर्सरी

बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा इन दिनों जिंदगी के खूबसूरत पल बिता रही हैं। हाल ही में अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा और आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने बेटे का स्वागत किया था। शुक्रवार को अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम के जरिए बेटे नीर की नर्सरी (बच्चे का कमरा) की झलक दिखाई। परिणीति ने लिखा, यह हमारा छोटा-सा कोना है, जो खास तौर पर बेटे नीर के लिए बनाया गया है। पहली बार माता-पिता बनने की वजह से हम चाहते थे कि कमरा शांत और सुकून देने वाला हो, जैसे ही कोई अंदर आए, उसे हल्की धूप, ठंडी हवा, नरम रंग, और क्लासिक सजावट दिखे। उन्होंने बताया कि शुरुआती महीनों में वे कमरे को ज्यादा भड़कीले रंगों या ज्यादा सामान से भरना नहीं चाहती थीं। उन्होंने लिखा, हम बस एक ऐसा कमरा चाहते थे, जो आरामदेह हो और ऐसी ऊर्जा हो कि अंदर आते ही मन को सुकून मिले। यह एक ऐसा स्थान हो, जहां हम तीनों साथ में खुशी से रह सकें। उन्होंने आगे लिखा, पीछे से शांत भजन बजते रहें, खिड़की से आती ठंडी हवा हमें घेरे। यही हमारे प्यार की परिभाषा है और उस दृश्य के साथ जिसे देखकर दिल खुश हो जाए। प्यार और शांति के साथ, परिणीति और राघव। परिणीति और राघव की जोड़ी हमेशा से ही चर्चा में रही है। दोनों की पहली मुलाकात लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के दौरान हुई थी, जहां से उनकी दोस्ती शुरू हुई। फिर, धीरे-धीरे दोस्ती ने प्यार का रूप ले लिया। मई 2023 में दोनों ने दिल्ली के कपूरथला हाउस में सगाई की थी और उसके कुछ महीनों बाद, सितंबर 2023 में उन्होंने राजस्थान के उदयपुर के लीला पैलेस में शाही अंदाज में शादी की थी। परिणीति चोपड़ा की बात करें तो एक्ट्रेस आखिरी बार इम्तियाज अली की फिल्म अमर सिंह चमकीला में दिलजीत दोसांझ के साथ नजर आई थीं।

# बजट से कोसो दूर अस्सी, तापसी पन्नू ने फिल्म देखने के लिए फैंस से की गुजारिश

कुछ फिल्में ऐसी होती हैं, जो समाज की कुरीतियों पर तीखा प्रहार करती हैं लेकिन बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के मामले में चारों खाने चित्त हो जाती हैं। तापसी पन्नू की फिल्म अस्सी का भी यही हाल है, जिसका अपना बजट निकाल पाना भी मुश्किल हो रहा है, हालांकि इसी बीच फिल्म समाज के जिस संवेदनशील मुद्दे को दिखाती है, वो दर्शकों के मन पर छाप छोड़ रहा है। अभिनेत्री तापसी पन्नू ने सिनेमा को थप्पड़ और पिंक जैसी फिल्में दी हैं। ये सभी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अछी रही हैं। फिल्मों ने न सिर्फ अछा कलेक्शन किया, बल्कि समाज को संदेश देने में भी कामयाब रही। अब अस्सी द्वारा अछा कलेक्शन न करने और अपने करियर की बेहतरीन फिल्मों पर अभिनेत्री ने खुलकर बात की है। उनका कहना है कि कुछ फिल्में ऐसी होती हैं, जिनकी कहानियां एक मैसेज लेकर आती हैं। कुछ के किरदारों की तारीफ की जाती है और कुछ के लिए थैंक्यू नोट आते हैं कि इस फिल्म को करने के लिए धन्यवाद। तापसी का कहना है कि 6 साल पहले भी थप्पड़ नाम की फिल्म की थी और अब उसी निर्देशक के साथ दूसरी फिल्म अस्सी की है। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर फिल्म को लेकर मिल रहे रिस्पांस पर खुशी जाहिर की है। उनका कहना है कि लोगों ने फिल्म को व्यक्तिगत तौर पर लिया और आर्टिकल से लेकर वीडियो में सिर्फ और सिर्फ समाज को बदलने वाली बातें की गई। उन्होंने वीडियो पोस्ट कर कहा, आप भी फिल्म जरूर देखें, हो सकता है कि यह फिल्म आपसे भी कुछ बातें करें। हम उम्मीद करते हैं कि अगला हफ्ता फिल्म के लिए बेहतरीन हो। अभिनेत्री ने फैंस से फिल्म को देखने की गुजारिश की है और साथ में रिव्यू भी मांगा है। उनका कहना है कि फिल्म चाहे जैसी भी हो लेकिन इसके बारे में लिखें जरूर। बता दें कि लगभग 40 करोड़ के बजट में बनी फिल्म ने पहले हफ्ते लगभग 7 करोड़ के आस-पास की कमाई की है। अभी फिल्म अपने बजट का एक चौथाई हिस्सा भी कमा नहीं पाई है।





# 251 दुल्हनों के चेहरे पर मुस्कान लाई उर्वशी रौतेला

चमकती रोशनी, महंगी पार्टियां और सोशल मीडिया ट्रेंड—आमतौर पर सेलिब्रिटी जन्मदिनों की यही पहचान होती है। लेकिन इस बार उर्वशी रौतेला ने इस परंपरा को पीछे छोड़ कर अपने 31वें जन्मदिन को करुणा और सेवा के नाम कर दिया। बागेश्वर धाम में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में उन्होंने 251 जरूरतमंद लड़कियों के विवाह में सहयोग देकर अपने खास दिन को सैकड़ों परिवारों के लिए जीवनभर की खुशी में बदल दिया। सौम्य परिधान में भावुक नजर आ रहीं उर्वशी ने दुल्हनों से मुलाकात की, उन्हें आशीर्वाद दिया और आर्थिक व सामग्री सहायता प्रदान की, ताकि उनका विवाह सम्मान और गरिमा के साथ संपन्न हो सके। उर्वशी ने कहा, जन्मदिन सिर्फ जश्न के लिए नहीं होते, सच्ची खुशी किसी के जीवन में बदलाव लाने से मिलती है। महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर किया गया यह कदम सोशल मीडिया पर व्यापक सराहना बटोर रहा है। ग्लैमर की दुनिया से निकलकर मानवता को अपनाने का यह निर्णय साबित करता है कि असली चमक रोशनी में नहीं, बल्कि दुआओं में बसती है।

# प्रियंका बजाज सिब्बल का दमदार डिजिटल डेब्यू

अमेजन प्राइम वीडियो की वेब सीरीज़ अमर विश्वास में प्रियंका बजाज सिब्बल ने अपने अभिनय का ऐसा रंग भरा है, जिसने उनके आर्टिस्टिक सफ़र को एक नई ऊंचाई दे दी है। शशांत शाह के निर्देशन और जीसिम्स प्रोडक्शन के तहत बनी इस सीरीज़ में राजीव खंडेलवाल और आमिर अली जैसे सशक्त कलाकारों के बीच प्रियंका ने अपनी अलग पहचान दर्ज कराई है। सीरीज़ में वह आमिर अली की पत्नी के किरदार में नजर आती हैं। एक ऐसा चरित्र जो शांत इंटेंसिटी, भावनात्मक गहराई और भीतर छिपी ताकत का प्रतीक है। प्रियंका ने इस मल्टी-लेयर्ड रोल को पूरी संवेदनशीलता और सच्चाई के साथ निभाया है। वह कहती हैं, यह किरदार मेरे लिए रचनात्मक रूप से आगे बढ़ने का अवसर था। 'अमर विश्वास' मानवीय संघर्ष और साहस की कहानी है। 'अनुपमा' में कीर्ति के रूप में लोकप्रियता हासिल कर चुकी प्रियंका, मिसेज इंडिया विजेता और कान्स फिल्म फेस्टिवल में वॉक करने वाली पहली मिसेज इंडिया रह चुकी हैं। अमर विश्वास के साथ उनका डिजिटल कदम साबित करता है कि वह सिर्फ ग्लैमर नहीं, बल्कि गहराई और गंभीरता की भी मजबूत पहचान हैं।



# रोम की गलियों में राशि खन्ना परिवार के साथ बिता रही हैं यादगार पल

साउथ सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री राशि खन्ना अपनी बहुमुखी प्रतिभा को लेकर दर्शकों के दिलों में खास जगह रखती हैं। इन दिनों अभिनेत्री इटली की सैर पर हैं। खास बात ये है कि वे अपने परिवार के साथ गई हैं। गुरुवार को अभिनेत्री ने इसकी कुछ शानदार झलक इंस्टाग्राम पर शेयर कीं। पहली तस्वीर में एक कपल एक दूसरे को गुलाब का फूल देते नजर आ रहे हैं। वहीं बाकी तस्वीरों में वे इटली के रोम में घूमती नजर आ रही हैं। कुछ में वे अपने परिवार और दोस्तों के साथ दिख रही हैं। उन्होंने लिखा, रोम की सबसे खूबसूरत बात मेरे सामने मेज के उस पार बैठी थी। अभिनेत्री की पोस्ट उनके फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। वे कमेंट सेक्शन पर तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कई यूजर्स तो हार्ट और फायर के इमोजी शेयर कर रहे हैं। राशी की बात करें तो वे साउथ सिनेमा की उम्दा अदाकाराओं में से एक हैं। वे इंडस्ट्री में शानदार एक्टिंग के साथ-साथ गायिकी के लिए भी जानी जाती हैं। तेलुगु और तमिल सिनेमा में कई हिट फिल्में दे चुकीं राशि सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं।

# सितारों की चमक में नहाया कर्जत, फैज़ल और सारा ने किया नीलकंठ वैली का शुभारंभ

महाराष्ट्र के कर्जत की हरी-भरी वादियों में उस समय ग्लैमर और रियल एस्टेट का अनोखा संगम देखने को मिला, जब 92 एकड़ में फैले नीलकंठ वैली टाउनशिप का भव्य शुभारंभ सितारों की मौजूदगी में किया गया। इस खास मौके पर अभिनेता फैजल खान और लोकप्रिय टेलीविजन अभिनेत्री सारा खान मुख्य आकर्षण के केंद्र रहे। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन से हुई, जहां दिल्ली भाजपा के वरिष्ठ नेता कमल चिब की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया। उन्हें छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया, जिसने समारोह में सांस्कृतिक गौरव का रंग भर दिया। लेकिन जैसे ही मंच पर फैज़ल खान ने कदम रखा,



माहौल पूरी तरह बदल गया। उनके मशहूर अंदाज़ और आती क्या खंडाला गीत पर प्रस्तुति ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं सारा खान ने अपने लोकप्रिय गीतों पर डांस परफॉर्मेंस देकर शाम को और भी रंगीन बना दिया। दोनों सितारों की ऊर्जा और दर्शकों से जुड़ाव ने लॉन्च को यादगार बना दिया। गायक मदन शुक्ला के सदाबहार गीतों और कॉमेडियन वीआईपी की 60 कलाकारों की आवाज़ों की मिमिक्री ने कार्यक्रम में मनोरंजन का तड़का लगाया। दर्शकों की तालियों और उत्साह ने यह साफ कर दिया कि यह सिर्फ एक प्रोजेक्ट लॉन्च नहीं, बल्कि एक सेलिब्रेशन था। नीलकंठ वैली का पहला चरण लगभग 7 एकड़ में विकसित किया जा रहा है, जिसमें लक्ज़री विला, आर्टिफिशियल लेक, प्राइवेट क्लब और स्विमिंग पूल जैसी आधुनिक सुविधाएं प्रस्तावित हैं। कार्यक्रम में मौजूद कुछ कलाकारों ने यहां प्लॉट लेने में रुचि भी दिखाई, जो इस प्रोजेक्ट की बढ़ती लोकप्रियता का संकेत है। कर्जत की प्राकृतिक खूबसूरती और सितारों की चमक के साथ नीलकंठ वैली का यह आगाज़ न केवल एक रियल एस्टेट पहल है, बल्कि क्षेत्र में तेजी से बढ़ती विकास गतिविधियों का प्रतीक भी बन गया है।



# वजन घटाना हो या बाल बचाना, कद्दू के बीज करेंगे कमाल

अगर आप वजन घटाने की कोशिश कर रहे हैं या बालों के झड़ने से परेशान हैं, तो अब महंगे सप्लीमेंट्स पर पैसा खर्च करने की जरूरत नहीं। आपकी रसोई में मौजूद एक सस्ता सुपरफूड इस काम को आसानी से कर सकता है। अक्सर लोग कद्दू की सब्जी देखते ही नाक-भौं सिकोड़ लेते हैं, लेकिन उसी कद्दू के बीज पोषण का खजाना हैं। इनमें भरपूर मात्रा में प्रोटीन, फाइबर, हेल्दी फैट, जिंक, मैग्नीशियम और आयरन पाया जाता है। यही वजह है कि आयुर्वेद से लेकर आधुनिक विज्ञान तक, सभी कद्दू के बीजों को बेहद फायदेमंद मानते हैं। सबसे पहले बात करते हैं वजन घटाने की। कद्दू के बीजों में प्रोटीन और फाइबर दोनों अच्छी मात्रा में होते हैं। जब आप इन्हें खाते हैं तो पेट देर तक भरा रहता है और बार-बार भूख नहीं लगती। इससे ओवरईटिंग की आदत धीरे-धीरे कम हो जाती है। यही नहीं, इनमें मौजूद हेल्दी फैट शरीर को जरूरी ऊर्जा देते हैं और मेटाबॉलिज्म को भी बेहतर बनाते हैं। रोजाना सुबह 1 से 2 चम्मच कद्दू के बीज खाने से वजन कंट्रोल में रखने में काफी मदद मिल सकती है। अब बात करते हैं बालों की। आजकल बाल झड़ना एक आम समस्या बन चुकी है, चाहे उम्र कोई भी हो। कद्दू के बीजों में मौजूद जिंक और फाइटोन्यूट्रिएंट्स बालों की जड़ों को मजबूत बनाते हैं। ये स्कैल्प को पोषण देते हैं और बालों के पतले होने की समस्या को कम करने में मदद करते हैं। कई रिसर्च में यह भी पाया गया है कि कद्दू के बीज बालों की ग्रोथ को सपोर्ट करते हैं और गंजेपन की रफ्तार को धीमा कर सकते हैं।

इतना ही नहीं, कद्दू के बीज इम्यूनिटी बढ़ाने, दिल को स्वस्थ रखने और नींद सुधारने में भी मददगार होते हैं। इनमें मौजूद ट्रिप्टोफैन नाम का तत्व अच्छी नींद लाने में सहायक माना जाता है। साथ ही, ये बीज शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालने में भी मदद करते हैं। सेवन का तरीका भी बेहद आसान है। आप इन्हें हल्का सा भूनकर स्नैक की तरह खा सकते हैं। आप चाहें तो सलाद या दही में भी मिलाकर खा सकते हैं। बस ध्यान रखें कि ज्यादा नमक या तेल में तलने से बचें।



प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com